# 2024

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र के छ: खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।*

*(iv)* *उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।*

## खण्ड - 'क'

**(पद्य - 8+12=20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) मूठ बनाते चित्र खींच दे
थके हुए भुखे किसान का
उसपर माँ का प्यार सींच दे।

*अथवा*

(ख) भागो रे हमलावर! भागो
सोओ दुस्तो कभी न जागो
तड़ तड़ गोली चलती।

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या **2** का उत्तर लगभग **50** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **3** का उत्तर लगभग **40** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **4** और **5** के उत्तर लगभग **30-30** शब्दों में, प्रश्न-संख्या **6** और **7** के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **8** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

2. रहिमन रिस को छाँड़ि के, करौ गरीबी भेस।
मीठी बोलो, नै चलो, सबै तुम्हारो देस।।

– रहीम के उपर्युक्त दोहे का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 4

3. "कलगी बाजरे की" शीर्षक कविता हिन्दी साहित्य की प्रयोगवादी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती है। स्पष्ट कीजिए। 3

4. कवि ने अपने आपको विस्तृत एवं निस्सीम जलराशि में तैरने वाला ङानु-थंगोङ् क्यों कहा? 2

5. भक्त-हृदि-भवन, अग्यान-तम हारिनी।
बिमल बिग्यानमय तेज-विस्तारिनी।।

– तुलसीदास के उपर्युक्त पद का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

6. रहीम ने नीच लोगों के साथ संग न करने को क्यों कहा? 1

7. सारे दु:खों को दूर करने का साधन क्या है? 1

8. 'पुराने सभी देवताओं के मर जाने पर' शीर्षक कविता के रचयिता का नाम क्या है? 1

(क) नोङ्थोम्बम श्रीबीरेन

(ख) गोपाल कृष्ण अडिग

(ग) भवानी प्रसाद मिश्र

(घ) केदारनाथ अग्रवाल

**खण्ड - 'ख'**

**(गद्य - 25 अंक)**

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) वह एक अनागरिक थे। अब न उनका कोई देश था, न घर। वह न कुछ देने आए थे, न लेने, सिर्फ छूटा हुआ देखने आए थे। दार्शनिकों की तरह बातें करते थे।

*अथवा*

(ख) पुरुष का मान, सम्मान, मर्यादा, यहाँ तक कि वैर, प्रतिशोध सब कुछ स्त्री पर निर्भर है अर्थात् जैसे वह सम्पत्ति से व्यवहार करता है, वैसे ही स्त्री से करेगा।

10. 'मानसरोवर के हंस' अथवा 'महाभारत की एक साँझ' पाठ का सारांश लगभग 160 शब्दों में लिखिए। 8

**निर्देश :** प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 12 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 और 15 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

11. भारतीय स्त्रियों की मुक्ति के बारे में महादेवी वर्मा का विचार स्पष्ट कीजिए। 4

12. मातृभाषा मैतैलोन के प्रति लेखक चाओबा का दृष्टिकोण स्पष्ट कीजिए। 3

13. "तुम गायब न हो गए होते तो शायद तुम भी राजकाज में हाथ बँटा रहे होते।"

– उपर्युक्त कथन किसने किस परिस्थिति में कहा है? 2

14. "कायर और पराजित ही अन्त में धर्म का स्मरण कर लेते हैं।"

- उपर्युक्त कथन किसका है? 1

(क) दुर्योधन का (ख) युधिष्ठिर का

(ग) भीम का (घ) धृतराष्ट्र का

15. 'ठेले पर हिमालय' निबन्ध के लेखक का नाम क्या है? 1

(क) भारतभूषण अग्रवाल (ख) ख्वाइराकपम चाओबा सिंह

(ग) कमलेश्वर (घ) धर्मवीर भारती

## खण्ड - 'ग'

## (पूरक पाठ्य पुस्तक - 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 का उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 20, 21 और 22 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

16. कुत्ता और हिरण दोनों के स्वभाव में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए। 4

17. संस्कृति को पूर्वजों की धरोहर क्यों कहा जाता है? 3

18. धर्म और राजनीति के बारे में गांधीजी ने क्या कहा? 2

19. सोना की मृत्यु कैसे हुई? 2

20. गांधीजी से लेखिका की अन्तिम मुलाकात कब हुई थी? 1

21. मणिपुरी सभ्यता का इतिहास कब से जुड़ा हुआ है? 1

22. लेखिका ने अपने घर में कौन-कौन-से जीव पाल रखे थे? 1

23. कुछ लोग मणिपुरी संस्कृति को कितने भागों में विभाजित करने का प्रयत्न करते हैं? 1

(क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) पाँच

## खण्ड - 'घ'

## (वाचन - 10 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 24 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 25 का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

24. टिप्पण की परिभाषा देते हुए टिप्पण के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। 1+2=3

25. एक अच्छे टिप्पण की कसौटियाँ क्या-क्या हैं? 2

26. Doctor को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

27. Sweeper को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

28. Accountant General को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

29. Supreme Court को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

30. Appointment Order को हिन्दी में क्या कहते हैं? 1

## खण्ड - 'ङ'

### (लेखन - 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप एक सरकारी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक हैं। आपके स्कूल में मनाए जा रहे शिक्षक दिवस समारोह में आपको (क) 'आदर्श अध्यापक' अथवा (ख) 'समय का सदुपयोग' विषय पर भाषण देना है। आप इन दोनों विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 160 शब्दों में एक भाषण लिखिए। 8

32. मान लीजिए कि आप एक दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक हैं। आप अपने समाचार-पत्र में छपवाने के लिए (क) 'कंप्यूटर के लाभ' अथवा (ख) 'पर्यावरण प्रदूषण' विषय पर लगभग 150 शब्दों में एक सम्पादकीय लेख लिखिए। 7

## खण्ड - 'च'

### (व्याकरण - 15 अंक)

निर्देश : प्रश्न-संख्या 33 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 34, 35 और 36 के उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 37 से 42 तक के उत्तर एक-एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए।

33. मुहावरे और लोकोक्ति का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 3

34. संज्ञा पदबन्ध किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए। 2

35. आश्रित उपवाक्य किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए। 2

36. विशेषण उपवाक्य किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए। 2

37. 'भक्ति' और 'श्रद्धा' - इन दोनों समानार्थक समझे जाने वाले शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

38. वाक्य शुद्ध कीजिए :

राधा एक विधवा स्त्री है। 1

39. 'घाट-घाट का पानी पीना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

40. 'लहू पसीना एक करना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

41. 'अपना वही जो आवे काम' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

42. 'नाम बड़े, दर्शन छोटे' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

---